राष्ट्र की भाषाएँ, राष्ट्र की धरोहर.

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

**वेबसाइटः** www.bankofbaroda.in **ईमेल:** corp.pr@bankofbaroda.com

स्थान: दिल्ली तारीख: 11.06.2023

**प्रेसविज्ञप्ति**

# ‘अल्लाह मियां का कारखाना’ उपन्यास ने 'बैंक ऑफ बड़ौदा राष्ट्रभाषा सम्मान 2023’ जीता

*उर्दू में लिखित उपन्यास ‘अल्लाह मियां का कारखाना’ के लेखक मोहसिन खान और हिंदी अनुवादक सईद अहमद को इस सम्मान और क्रमशः ₹ 21 लाख और ₹ 15 लाख की नकद राशि से नवाजा गया*

**दिल्ली, 11 जून, 2023:** भारत के प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा (बैंक), ने **आज 'बैंक ऑफ़ बड़ौदा राष्ट्रभाषा सम्मान 2023’** के पहले वर्ष के विजेता की घोषणा की। उर्दू में लिखित उपन्यास अल्लाह मियां का कारखाना के लेखक मोहसिन खान और हिदी अनुवादक सईद अहमद इस सम्मान के विजेता घोषित किए गए। विजेता लेखक और अनुवादक की घोषणा आज दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में की गई।

इसके अलावा, पांच उपन्यास - **अभिप्रेत काल, चीनी कोठी, घर पालनो छेले, नदीष्ट और नेमत खाना** ने इस वर्ष की प्रक्रिया में उप विजेता के पुरस्कार प्राप्त किए।

उर्दू में लिखित अल्लाह मियां का कारखाना उपन्यास के विजेता लेखक मोहसिन खान और हिंदी अनुवादक सईद अहमद को बैंक ऑफ बड़ौदा राष्ट्रभाषा सम्मान और क्रमशः रु. 21 लाख और रु. 15 लाख की सम्मान राशि प्रदान की गई। अन्य पांच उप विजेता लेखकों और संबंधित हिंदी अनुवादकों प्रत्येक को क्रमशः रु. 3 लाख और रु. 2 लाख की सम्मान राशि से सम्मानित किया गया।

राष्ट्र की भाषाएँ, राष्ट्र की धरोहर.

पांच सदस्यीय पुरस्कार निर्णायक समिति की अध्यक्षता प्रसिद्ध लेखक और अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार विजेता सुश्री गीतांजलि श्री ने की और उनके साथ निर्णायक समिति के अन्य सदस्यों प्रसिद्ध भारतीय कवि श्री अरुण कमल; शिक्षाविद् एवं आहार आलोचक श्री पुष्पेश पंत; समकालीन भारतीय कवि और उपन्यासकार सुश्री अनामिका; और हिंदी कथा लेखक एवं अनुवादक श्री प्रभात रंजन ने पुरस्कार के लिए निम्नलिखित 6 नामांकित पुस्तकों में से विजेता का चयन किया।

| मूल उपन्यास का नाम | मूल भाषा | लेखक का नाम | अनूदित उपन्यास का नाम | अनुवादक का नाम |
|---|---|---|---|---|
| अभिप्रेत काल | उड़िया | पारमिता शतपथी | अभिप्रेत काल | अजय कुमार पटनायक |
| अल्लाह मियां का कारखाना | उर्दू | मोहसिन खान | अल्लाह मियां का कारखाना | सईद अहमद |
| चीनी कोठी | उर्दू | सिद्दीक आलम | चीनी कोठी | अर्जुमंद आरा |
| घर पलानो छेले | बांग्ला | मनोरंजन ब्यापारी | भागा हुआ लड़का | अमृता बेरा |
| नदीष्ट | मराठी | मनोज बोरगावकर | नदीष्ट | गोरख थोरात |
| नेमत खाना | उर्दू | खालिद जावेद | नेमत खाना | जमान तारिक |

बैंक द्वारा '**बैंक ऑफ़ बड़ौदा राष्ट्रभाषा सम्मान**' को विभिन्न भारतीय भाषाओं में प्रकाशित प्रतिष्ठित उपन्यासों और उनके अनूदित और प्रकाशित हिंदी संस्करणों को रेखांकित करने और उन्हें सम्मानित करने के लिए स्थापित किया गया है। बैंक द्वारा की गयी पहल भारतीय भाषाओं को और समृद्ध करने में मदद करेगी और इन उत्कृष्ट कृतियों को एक बड़े पाठक वर्ग को उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाएगी।

पुरस्कार के बारे में बात करते हुए, बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री संजीव चड्ढा ने कहा कि, "बैंक ऑफ़ बड़ौदा राष्ट्रभाषा सम्मान" 2023 के पहले वर्ष के विजेता मोहसिन खान और सईद अहमद और नामांकित अन्य शॉर्टलिस्ट कृतियों के लेखकों और अनुवादकों को मेरी हार्दिक बधाई। बैंक ऑफ़ बड़ौदा की विरासत महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ से मिली है, जिन्हें एक सुधारक के साथ-साथ साहित्य और कला का पारखी माना जाता है। इस विरासत को आगे बढ़ाते हुए, बैंक

राष्ट्र की भाषाएँ, राष्ट्र की धरोहर.

ऑफ बड़ौदा ने देश के अलग-अलग हिस्सों से प्रतिभाशाली लेखकों को एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करने के लिए "बैंक ऑफ़ बड़ौदा राष्ट्रभाषा सम्मान" की स्थापना की है। भारत एक बहुभाषी देश है और यहां बोली जाने वाली विभिन्न भाषाएं इसकी विविधता और समृद्ध विरासत को और अधिक समृद्ध बनाती हैं। इस पहल के जरिए, बैंक का लक्ष्य देश के साहित्यिक और सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करना है।"

जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में जनवरी 2023 माह में औपचारिक रूप से सम्मान की घोषणा की गई थी। बैंक ने मार्च-अप्रैल 2023 की अवधि के दौरान पुरस्कारों के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित करने की प्रक्रिया शुरू की थी। पहले चरण में, बैंक ने मई 2023 में 12 पुस्तकों की लॉन्गलिस्ट की घोषणा की, आगे चलकर जिसमें से छह शॉर्टलिस्ट की गईं और इनमें से विजेता का चयन किया गया। दिल्ली में सम्मान समारोह भारत के अमृतसर जिले के गुरु की वड़ाली के वडाली ब्रदर्स, सूफी गायकों और संगीतकारों द्वारा दी गई संगीत प्रस्तुति के साथ संपन्न हुई।

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा के बारे में:**

20 जुलाई, 1908 को महाराजा सर सयाजीराव गायकवाड़ III द्वारा स्थापित, बैंक ऑफ़ बड़ौदा भारत के प्रमुख वाणिज्यिक बैंकों में से एक है। 63.97% हिस्सेदारी के साथ यह प्रमुख रूप से भारत सरकार के स्वामित्व में है। बैंक पांच महाद्वीपों में 17 देशों में फैले 46,000 से अधिक टचप्वाइंट के माध्यम से 150 मिलियन से अधिक के अपने वैश्विक ग्राहक आधार को सेवाएं प्रदान कर रहा है। अपने अत्याधुनिक डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से यह सभी बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं को निर्बाध एवं बाधारहित उपलब्ध करा रहा है। बैंक का बॉब वर्ल्ड मोबाइल ऐप ग्राहकों को एक ही ऐप के अंतर्गत बचत, निवेश, उधार एवं खरीदारी का अनुभव प्रदान कर रहा है। यह ऐप वीडियो केवाईसी के माध्यम से खाता खोलने की सुविधा उपलब्ध कराकर गैर-ग्राहकों को भी सेवा प्रदान करता है। बैंक का दृष्टिकोण अपने विविध ग्राहक आधार के अनुरूप है तथा यह विश्वास एवं सुरक्षा की भावना पैदा करता है। बैंक उस दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है और बॉब वर्ल्ड डिजिटल परिवर्तन की दिशा में इसके रोडमैप का एक प्रमाण है।

- www.bankofbaroda.in पर जाएं.
- फेसबुक https://www.facebook.com/bankofbaroda/
- ट्विटर https://twitter.com/bankofbaroda

- इंस्टाग्राम https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
- यूट्यूब https://www.youtube.com/channel/UCdf14FHPLt7omkE9CmyrVHA
- लिंक्डइन https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

कृपया अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:

बैंक ऑफ़ बड़ौदा का संपर्क सूत्र: फिरोजा चौकसी | +91 9820363681 | corp.pr@bankofbaroda.com
परफेक्ट रिलेशंस - स्नेहा जोशी | +91 9833004482 | snehaj@perfectrelations.com